हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 19 नवंबर 2025

04 जर्जर सड़क से मुक्ति की मांग को लेकर अब जनसुनवाई...



07 जिलाधिकारी ने विद्यालय का निरीक्षण में विद्यार्थियों...






## खबर संक्षेप

### आरटीओ से अब किसी भी जिले का ले सकेंगे रजिस्ट्रेशन नंबर

**सीहोर।** वाहनों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया अब सरकार ने आसान कर दी है। सीहोर के परिवहन कार्यालय में प्रदेश के किसी भी जिले का रजिस्ट्रेशन नंबर प्राप्त किया जा सकता है। पहले इसके लिए संबंधित जिले के आरटीओ में जाना पड़ता था। अब वाहनों का रजिस्ट्रेशन वाहन-4 पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। नई सुविधा के तहत अगर किसी ने सीहोर से वाहन खरीदा है और वह भोपाल, इंदौर या उज्जैन जिले का रजिस्ट्रेशन नंबर चाहता है, तो अब ऐसा करना संभव है। अपने मूल निवास या प्रदेश के किसी भी जिले का पंजीयन नंबर उस जगह से प्राप्त कर सकेगा, जहां उसने वाहन खरीदा। आरटीओ से मिली जानकारी के अनुसार लोगों को अपने वाहनों के पंजीयन के लिए भौतिक रूप से परिवहन कार्यालयों में नहीं जाना पड़ेगा। वे मोटरयान क्रय करते समय संबंधित ऑटोमोबाइल डीलर के माध्यम से यह सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। परिवहन विभाग के अनुसार वाहन-4 पोर्टल के कारण यह संभव हो सका है। यही नहीं, एक और बड़ी सुविधा मिल रही है। प्रदेश के अलावा अन्य प्रदेशों में अपने वाहनों पर अति सुरक्षा पंजीयन पट्टिका (हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट) लगवा सकेंगे।

## पुलिस ने दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि तीसरे फरार आरोपी की तलाश जारी

# इलाज के दौरान पिता-पुत्र पर जानलेवा हमला कर्मचारियों ने दी काम बंद की चेतावनी

बीच-बचाव करने वाले सैनिक व कर्मचारी भी घायल, दो आरोपी गिरफ्तार, एक फरार, कर्मचारियों ने दी काम बंद की चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

जिला अस्पताल परिसर रविवार रात उस समय बवाल मच गया, जब इलाज के लिए पहुंचे एक टेंट कारोबारी और उनके पिता पर तीन लोगों ने मारपीट कर दी। यह विवाद इतना गंभीर था कि बीच-बचाव करने आए अस्पताल के एक कर्मचारी और एक सैनिक को भी चोटें आईं। इस घटना के बाद से अस्पताल स्टाफ में गहरा आक्रोश है।

पुलिस के अनुसार अंबेडकर नगर गंज निवासी टेंट कारोबारी प्रवेश परिहार ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि रविवार रात करीब 10 बजे भोपाल नाका के पास आरोपी दीपक परमार और उसके साथियों ने उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। जब प्रवेश परिहार अपने पिता हरि सिंह के साथ वापस कारण पूछने भोपाल नाका पहुंचे, तो आरोपियों ने दोनों से फिर मारपीट की। इसके बाद मारपीट में घायल पिता-पुत्र जब इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचे तो आरोपी दीपक परमार, भानू राठौर और नवीन राठौर अस्पताल में घुस आए और उन पर तीसरी बार हमला कर दिया। एफआईआर के अनुसार आरोपी भानू राठौर ने हरि सिंह के सिर पर रॉड से वार किया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं और खून बहने लगा।





### तीन अलग-अलग मामले दर्ज

पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तीन अलग-अलग गंभीर अपराधों के तहत प्रकरण दर्ज किए हैं, जिनमें पिता-पुत्र पर हमले को लेकर आरोपियों पर एससी-एसटी एक्ट सहित गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। वहीं सैनिक की शिकायत पर सरकारी काम में बाधा डालने और झूमाझटकी के तहत अलग से मामला दर्ज किया है।

### सुरक्षाकर्मी भी घायल, पुलिस ने दर्ज किए तीन मामले

अस्पताल में मारपीट के दौरान बीच-बचाव करने आया एक अन्य युवक (अस्पताल कर्मचारी) आकाश भी घायल हुआ। वहीं अस्पताल चौकी में तैनात सैनिक बोंदर सिंह ने भी शिकायत दर्ज कराई कि आरोपियों ने उन्हें सरकारी कार्यवाही करने से रोका और उनसे झूमाझटकी की, जिससे उनकी कलाई और उंगली में चोट आई।

### कर्मचारियों ने दी काम बंद की चेतावनी

अस्पताल परिसर में मरीजों और कर्मचारियों की सुरक्षा भंग होने पर आक्रोशित जिला अस्पताल के सभी कर्मचारी सोमवार को एकजुट होकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। उन्होंने एएसपी सुनीता रावत को ज्ञापन सौंपकर परिसर की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि मंगलवार तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं किए गए तो वे काम बंद हड़ताल कर देंगे।

### दो आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

सीएसपी अभिनंदना शर्मा के अनुसार पुलिस ने दो मुख्य आरोपियों में दीपक परमार और नवीन राठौर को गिरफ्तार कर लिया है जबकि तीसरे फरार आरोपी भानू राठौर की तलाश की जा रही है।

# विधायक सुदेश राय ने बीएसआई मैदान के लिए दिया चार लाख का रोलर

## शहर में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की कमी नहीं: सुदेश राय



**सीहोर।** खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जरूरत है उन्हें तराशने और बढ़ावा देने की। हमें प्रयास करना होगा कि हम ऐसी प्रतिभाओं को पहचान कर बढ़ावा दें, तभी हमें अच्छे खिलाड़ी मिल सकते हैं। बीएसआई खेल मैदान क्रिकेटरों के लिए आदर्श मैदान है, इसी कारण यहां पर प्रदेश ही नहीं देश के विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी खेलना पसंद करते हैं।

उक्त विचार सोमवार को अपने जन्म दिन के मौके पर विधायक सुदेश राय ने कहे। उन्होंने मैदान के समतलीकरण और पिच के लिए अपनी स्वयं की राशि से चार लाख रुपए के रोलर प्रदान किया है। जिससे आगामी दिनों में मैदान दुरुस्तीकरण का कार्य होता रहेगा। इसके अलावा उन्होंने कहाकि खिलाड़ियों के लिए हर समय में मदद के लिए तत्पर हूं।

सोमवार को जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय के जन्म दिन के मौके पर एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी, वीरु वर्मा, सुरेन्द्र रल्हन, इरफान हुसैन, मनोज दीक्षित मामा, नवनीत तोमर, भारत गुप्ता, अतुल जैन, मनोज चौरसिया, दिग्विजय सिंह राजपूत, नागेन्द्र व्यास, कमलेश पारोचे, अतुल कुशवाहा, अतुल त्रिवेदी, आशीष शर्मा, महेन्द्र शर्मा, प्रदीप आहुजा, मदन कुशवाहा, वरुण शर्मा, अभिषेक परसाई, सुनील जलोदिया सहित अन्य खिलाड़ी मौजूद थे। इस दौरान गत दिनों मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में खेली गई जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। श्री राय ने कहाकि क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों के चयन के लिए यह एक सुनहरा अवसर है। इससे शहरीय और ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ी लाभांवित होंगे। हमारे शहर सहित आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, सिर्फ उन्हें एक बेहतर मंच प्रदान करने की आवश्यकता है।

# भारतीय मजदूर संघ ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



**सीहोर।** भारतीय मजदूर संघ जिला इकाई द्वारा शासकीय व अशासकीय कर्मचारियों एवं श्रमिकों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधिक एक ज्ञापन संयुक्त कलेक्ट परमार को सौंपा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिला मंत्री विनीत दुबे ने बताया कि प्रदेश भर में संगठित एवं असंगठित क्षेत्र, शासकीय, निजी उद्योग क्षेत्र में कार्यरत नियमित, संविदा, आउटसोर्स, दैनिक वेतनभोगी, अंशकालीन श्रमिक, कर्मचारियों, पेंशनर्स, वरिष्ठ नागरिक, आशा उषा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायकों की विभिन्न मांगों के निराकरण के लिए लंबे समय से मांग की जा रही है। इनज ्यज मांगों को लेकर आज जिला मुख्यालय पर भारतीय मजदूर संघ की जिला इकाई द्वारा कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया गया है। इस मौके पर भारतीय मजदूर संघ के पूर्व विभाग प्रमुख अनिल शर्मा, वीरसिंह गुर्जर, जिलाध्यक्ष राम परमार, जिला मंत्री विनीत दुबे, जिला उपाध्यक्ष विनोद बोयत, चंद्रभान सिंह यादव, श्री सक्सेना, जीवन सिंह विश्वकर्मा, अनुराग राठौर, कृष्णकांत यादव, नरेश यादव, दीपक यादव, दुलारे यादव, प्रकाश पवैया, देवेंद्र राठौर, अजब सिंह मेवाड़ा, मनोज अहिरवार आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## संकुल प्राचार्य ने किया आधा दर्जन स्कूलों का औचक निरीक्षण

# डेढ़ माह से अनुपस्थित अतिथि शिक्षक की सेवा समाप्त की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इछावर

सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से ब्रिजीशनगर संकुल प्राचार्य बीएल मालवीय ने सोमवार को क्षेत्र की करीब आधा दर्जन स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान प्राचार्य को कुछ स्कूलों में अव्यवस्थाएं देखने को मिली। इस पर प्राचार्य ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित स्कूल प्रभारी को फटकार लगाई साथ ही व्यवस्थाओं में सुधार के लिए आवश्यक निर्देश दिए। माध्यमिक शाला अलीपुर में एक अतिथि शिक्षक बिना सूचना के करीब डेढ़ माह से अनुपस्थित पाए गए।

इस पर प्राचार्य ने लापरवाह अतिथि शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसकी सेवा समाप्त कर दी है। प्राचार्य मालवीय कक्षाओं में पहुंचे जहां छात्र छात्राओं से कई सवाल जवाब किए। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब देते हुए उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

सोमवार दोपहर करीब 11.45 बजे प्राचार्य मालवीय मिडिल स्कूल नादान पहुंचे। इस दौरान उन्होंने शैक्षणिक और अकादमिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिस पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया।

इसके बाद वह कक्षाओं में पहुंचे और छात्र छात्राओं से कोर्स व सामान्य ज्ञान के कई सवाल जवाब किए। पढ़ाई को लेकर बच्चों को आवश्यक टिप्स दिए। इसके बाद प्राचार्य द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला वीरपुरा, प्राथमिक शाला मंडलगढ़, माध्यमिक शाला अलीपुर का ओचक निरीक्षण किया। प्राचार्य मालवीय ने बताया कि शासकीय माध्यमिक शाला अलीपुर में अतिथि शिक्षक वर्ग 2 गणित संकाय के राहुल राजन खरे पिछले 4 अक्टूबर से लगातार अनुपस्थित पाए गए। इस कारण उसकी सेवाएं समाप्त कर दी गई है। निरीक्षण के दौरान अन्य स्कूलों में भी कुछ अव्यवस्थाएं देखने को मिली। इस पर प्राचार्य ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित स्कूल प्रभारी को फटकार लगाई साथ ही सुधार के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान मालवीय ने स्कूल प्रबंधन को छात्र छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाने, ई अटेंडेंस लगाने, बच्चों को गुणवत्ता युक्त एमडीएम परोसे जाने सहित अन्य व्यवस्थाओं में सुधार करने के निर्देश दिए।

साथ ही उन्हें चेतावनी देते हुए कहा कि लापरवाही किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। मालवीय आयोजित होने वाले सांसद खेल महोत्सव में भी शामिल हुए।


## कलेक्टर ने तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के प्रभावी संचालन के दिए निर्देश

# तंबाकू सेवन रोकने के लिए जनभागीदारी और निरंतर जागरूकता ही सबसे प्रभावी हथियार है: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर


राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने तंबाकू सेवन से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य दुष्प्रभावों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि तंबाकू नियंत्रण केवल स्वास्थ्य का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक कल्याण से भी जुड़ा विषय है। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि जिले में तंबाकू के उपयोग पर रोकथाम एवं जन-जागरूकता गतिविधियों को और अधिक प्रभावी' बनाया जाए। कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि तंबाकू सेवन रोकने के लिए "'जनभागीदारी और निरंतर जागरूकता'" ही सबसे प्रभावी हथियार है। सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि जिले में तंबाकू सेवन की प्रवृत्ति कम हो और नागरिकों को स्वस्थ वातावरण मिल सके।

कलेक्टर बालागुरू के. ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि जिले के नागरिकों को तंबाकू छोड़ने हेतु प्रेरित करने के लिए संचालित किए जा रहे विशेष अभियान तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 को और अधिक प्रभावी रूप से संचालित किया जाए। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएं और जिले के सभी स्कूलों को तंबाकू मुक्त बनाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि लोगों को नशा छोड़ने में सहयोग देने हेतु परामर्श व उपचार सुविधाएँ बढ़ाई जाएँ। कलेक्टर बालागुरू के. ने तंबाकू के दुष्प्रभावों, कैंसर और अन्य गंभीर रोगों के जोखिम पर आमजन को जागरूक करने के लिए पोस्टरों, रैलियों, डिजिटल मीडिया और विभिन्न आयोजन के माध्यम से बड़े पैमाने पर प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।




बैठक में तंबाकू नोडल अधिकारी डॉ नेहा सिंह ने जानकारी दी कि तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 एवं तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान कार्यक्रम के अंतर्गत अभी तक जिले के कुल 107 स्कूलों को तंबाकू मुक्त घोषित किया जा चुका है। कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्देश दिए कि लक्ष्य अनुसार जिले के 400 स्कूलों को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य किया जाए। उन्होंने जिला पंचायत के अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि तंबाकू मुक्त गांव बनाने के लिए भी निरंतर कार्य करें। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए जिला अस्पताल में कोटपा एक्ट के तहत अभी तक 13 हजार रूपये की चालानी कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही अभी तक 180 मरीजों को निकोटीन रिप्लेसमेंट थेरेपी दी गई है।

बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि सभी स्कूलों और कॉलेजों में तंबाकू के दुष्प्रभावों पर विशेष सत्र, पोस्टर प्रदर्शनी और जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएं। सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान और तंबाकू सेवन पर रोक के प्रावधानों का कठोरता से पालन कराया जाए। इसके साथ ही उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लगाने की कार्रवाई भी की जाए। उन्होंने कहा कि स्कूलों के 100 मीटर के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित है। इस नियम का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों पर सख्त कार्रवाई की जाए। तंबाकू दुकानों का लाइसेंसिंग सिस्टम भी मजबूत किया जाए। बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त वंदना राजपूत, रविन्द्र परमार, एसडीएम तन्मय वर्मा, स्वाति मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर जमील खान सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।



**खबर संक्षेप**

### ऋण आवेदन हेतु 19 नवंबर से 26 दिसंबर तक लगेगा शिविर

**देवास।** प्रधानमंत्री स्व निधि योजना अंतर्गत नगर निगम द्वारा 19 एवं 20 नवंबर 2025 को वार्ड 1 बिलावली सरकारी स्कूल, वार्ड 35 रेवाबाग आंगनवाड़ी में, वार्ड 8 में त्रिपाठी किराना, वार्ड 30 में गजरा गियर्स चौराहा में आयोजित किए जाएंगे। योजनन्तर्गत रेहडी पटरी वाले एवं पथ विक्रेताओं जैसे सब्जी, फल, फ्रूट, सिलाई कार्य टिफिन सेंटर, इमिटेशन ज्वेलरी, कपड़े आदि का व्यवसाय करने वाले पथ विक्रेताओ हेतु प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत राशी रुपए 15 हजार का ऋण प्रदाय किया जा रहा है। जिस हेतु वार्ड स्तर पर शिविर का आयोजन कर उनका पंजीयन एवं ऋण का आवेदन किया जा रहा है। पंजीयन एवं ऋण आवेदन हेतु हितग्राही अपना आधार कार्ड, समग्र आईडी, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साइज फोटो एवं आधार लिंक मोबाइल नंबर लेकर शिविर में अपना पंजीयन एवं ऋण आवेदन कर सकते हैं। शिविर दिनांकों हेतु अपने स्थानीय पार्षद से संपर्क कर पता कर सकते हैं एवं नगर निगम कार्यालय के कमरा नंबर 8 में संपर्क कर सकते हैं।

### बिना ट्रेड के संचालित पीयूसी वैन को आरटीओ ने किया जब्त

**देवास।** जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान के नेतृत्व में आरटीओ जांच दल द्वारा देवास शहर से लगे बायपास पर जांच अभियान चलाया गया। जिसमें वाहनों के समस्त दस्तावेजों की जांच की गई, जिसमें भौंरासा टोल प्लाजा पर खड़ी एक पीयूसी वैन में जांच करने पर पाया गया कि उक्त वाहन में आरटीओ कार्यालय द्वारा जारी होने वाला ट्रेड सर्टिफिकेट नहीं था, जिस पर कार्यवाही करते हुए सामान सहित वेन को जप्त कर आरटीओ कार्यालय में सुरक्षार्थ खड़ा करवाया गया। जिस पर आगामी कार्यवाही की जा रही है, साथ ही अन्य वाहनों की जांच में 7 वाहनों की जांच में प्रदूषण सर्टिफिकेट नहीं पाए जाने पर 33 हजार रूपये का चालान काटा गया। कार्यवाही में 03 वाहनों को जप्त किया गया। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि बढ़ते प्रदूषण को मद्देनजर देवास में संचालित वाहनों में प्रदूषण सर्टिफिकेट (पीयूसी) की जांच की जा रही है, जिसमें बड़े वाहनों पर 5000 तथा छोटे वाहनों पर 3000 की चालानी कार्यवाही की जा रही है।

#### आदिवासी बहुल क्षेत्र के पांच गांव के ग्रामीण पिछले दो साल से हैं परेशान

# जर्जर सड़क से मुक्ति की मांग को लेकर अब जनसुनवाई में पहुंचे क्षेत्र के ग्रामीण

सड़क निर्माण की मांग पर एडीएम संजीव जैन ने दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास/चापड़ा



हरिभूमि लगातार

जनपद पंचायत बागली कि ग्राम पंचायत मुकुन्दगढ़ के ग्राम गोपालपुरा के रहवासी लंबे समय से प्रधानमंत्री सड़क निर्माण की मांग कर रहे हैं। आदिवासी बहुल क्षेत्र के लगभग पांच गांवों के सैकड़ों ग्रामीण विगत दो वर्षों से प्रशासन से गुहार लगा रहे है। मंगलवार को जर्जर सड़क से मुक्ति की मांग को लेकर जनसुनवाई में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण कलेक्टर कार्यालय देवास पहुंचे। ग्रामीणों की मांग पर अपर कलेक्टर संजीव जैन ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत सड़क निर्माण का आश्वासन दिया।

### थक चुके ग्रामीण

ग्रामीणों का कहना है कि शासन प्रशासन के जिम्मेदारों से निवेदन आवेदन देते देते अब वे थक चुके हैं। ग्रामीणों के हाथ सिर्फ निराशा ही लग रही है जिसके चलते बागली प्रगति समिति के बैनर तले ग्राम गोपालपुरा के ग्रामीणजनों ने मंगलवार को देवास जनसुनवाई में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत सड़क निर्माण की स्वीकृति के लिए आवेदन दिया। ग्रामीणों ने अपने आवेदन में बताया कि ग्राम गोपालपुरा से धावड़िया चेनपुरा मुख्य सड़क तक लगभग 5 किलोमीटर लंबी कच्ची सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। बारिश के मौसम में कीचड़, गड्ढों और पानी भराव के कारण आवागमन ठप हो जाता है, जिससे विद्यालय जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। खेत मार्ग, आंगनवाड़ी एवं अन्य आवश्यक रास्तों की स्थिति भी अत्यंत खराब है। लंबे समय से ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणों की यह प्रमुख मांग है कि उक्त सड़क को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में शामिल कर शीघ्र निर्माण की स्वीकृति प्रदान की जाए, जिससे गांव का मुख्य मार्ग से सुगम संपर्क हो सके और ग्रामीण विकास को गति मिल सके। इस दौरान मंजू, रिंकी, हंसा बाई, मेहंदी बाई, छीता बाई, सुगन बाई, मीराबाई, नंदाबाई, संगीता, सरपंच राजू बामनिया, नरसिंह भूरिया, अतुल, रामचंद्र भूरिया, हिम्मत वासनिया, विजय वास्केल, रायसिंह, गौतम, रवि सहित ग्राम गोपालपुरा एवं मुकुंदगढ़ बागली के अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

### बारिश के दिनों में होती है कठिन परीक्षा

बारिश के दिनों में दुर्गम पहाड़ियां, जंगल के बीच कीचड़ सने रास्तों के कारण ग्रामीणों और विद्यार्थियों की समस्या ओर बढ़ जाती है। गोपालपुरा व टिमरानिया से चैनपुरा तक पहुंचने के लिए पगडंडी रास्ता है। इस रास्ते का कुछ हिस्सा जंगल में शामिल है। बारिश में लगभग तीन किमी का रास्ता कीचड़मय हो जाता है।

### स्वयं के खर्च से भी बना चुके सड़क

पिछले दिनों ग्रामीणों ने थक हारकर निर्णय लिया कि वे स्वयं उनके स्तर से मार्ग का निर्माण करेंगे। ग्रामीणों ने राशि एकत्रित कर श्रमदान कर मार्ग पर मुर्रमीकरण किया। उक्त मार्ग पर लगभग दो किमी तक श्रमदान कर मार्ग पर मूर्रम बिछाई, जिसमें लगभग 40 हजार से अधिक के खर्चा होने का अनुमान आया। गोपालपुर में लगभग 129 आदिवासी समाज के परिवार निवास करते हैं, जो कि शासन प्रशासन की कई मूलभूत सविधा एवं योजनाओं से आज भी कोसों दूर हैं।


गोपालपुरा टिमरानिया और मजरा टोले गांवों में नहीं स्कूल, जाना पड़ता हैं चैनपुरा
दुर्गम पहाड़ियां, जंगल के बीच कीचड़ सने रास्ते विद्यार्थियों की ले रहे कठिन परीक्षा
जंगल और दुर्गम पहाडी वाला रास्ता होने से जब तक बच्चे स्कूल से घर नहीं आते तब तक बच्चों के परिजनों में हमेशा ही बनी रहती है चिंता
हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली
प्रदेश सरकार शिक्षा के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। दूर-दराज के गांवों में शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए स्कूल खोले जा रहे हैं। विद्यार्थियों को पुस्तकें, गणवेश सहित अन्य सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। ग्राम पंचायत मुकुंदगढ़ के गोपालपुरा एवं टिमरानिया मजरा टोले के नन्हे विद्यार्थियों के लिए शिक्षा की यह राह बेहद कठिन और चुनौतीपूर्ण बनी हुई है। मजरा टोले में मिडिल स्कूल नहीं है। विद्यार्थियों को पढ़ने के लिए समीप के ग्राम चैनपुरा जाना पड़ता है, और वहीं से उनकी परीक्षा शुरू हो जाती है। बच्चे कीचड़भरी राह से
किसी ने हमारी इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया।
ये गांव रोड से जुड़ जाएंगे। दुर्गम पहाड़ी वाला रास्ता होने से


अदिवासी बाहुल्य ग्राम की आबादी को है मूलभूत सुविधाओं का इंतजार
जनप्रतिनिधि व प्रशासन ने नहीं दिया ध्यान तो ग्रामीणों ने स्वयं के खर्च से बनाया मार्ग
ग्रामीण लंबे समय से क्षेत्र के जनप्रतिनिधियो व प्रशासनिक सिस्टम से गोपालपुरा से चेनपुरा तक के पक्के मार्ग के निर्माण कि मांग कर रहे है। ग्रामीणों को बारिश के दिनों में परेशानी होती है।
हरिभूमि न्यूज ⏭ चापडा
आदिवासी बाहुल्य विधानसभा बागली के अंतर्गत आज भी ऐसे कई गांव है, जो की मूलभूत सुविधाओं से कोसो दूर है, जिन्हें स्वंय के खर्चे पर ही अपनी समस्याओं का समाधान करना पड़ रहा है। सत्ता में बैठे लोग सिर्फ चुनाव तक ही सीमित रहते हैं। साथ ही प्रशासन में बैठे लोग भी प्रशासनिक नियमों का हवाला देकर इति श्री कर लेते हैं। चुनाव के दौरान नेता विकास के नाम पर बड़े-बड़े वादे तो करते हैं, लेकिन चुनाव जीतने के बाद पलट कर भी नहीं देखते हैं,जबकि

# जल संरक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने पर मिला सम्मान

**6वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार में 9वां स्थान**



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जल संरक्षण एवं जल प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर देवास जिले को 6वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार-2024 में जोन-3 श्रेणी में 9वाँ स्थान प्राप्त हुआ है।

कलेक्टर ऋतुराज सिंह के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में जिले में संचालित विभिन्न जल संरक्षण योजनाओं, वर्षा जल संचयन संरचनाओं के निर्माण-जीर्णोद्धार, भू-जल स्तर में सुधार तथा सामुदायिक भागीदारी जैसे कार्यों को इस उपलब्धि का आधार बनाया गया। मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय जल पुरस्कार समारोह में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने जिले द्वारा जल संरक्षण एवं जल प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत देवास ज्योति शर्मा को प्रशस्ति-पत्र तथा 25 लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की।देवास जिले को 6वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार-2024 में मिला सम्मान जिले के सभी जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा जल प्रहरियों की सामूहिक मेहनत का परिणाम है। देवास जिला जल संरक्षण के क्षेत्र में आगे भी अग्रणी रहेगा तथा भू-जल स्तर में निरंतर सुधार के प्रयास जारी रहेंगे।

### चिमनाबाई की बालिकाओं को मिला तीसरा स्थान

**देवास।** उज्जैन में आयोजित राज्य स्तरीय कालिदास समारोह में संस्कृत नृत्य नाटिका वरिष्ठ वर्ग में महाकवि कालिदास विरचित खंड काव्य ऋतुसंहारम का मंचन में शासकीय महारानी कन्या उ मा वि चिमनाबाई देवास ने शानदार प्रस्तुति देकर प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिला शिक्षा अधिकारी, विद्यालय प्राचार्य राजू सातपुते एवं स्टाफ की ओर से सुंदर प्रस्तुति करने वाली बालिकाओं एवं मार्गदर्शन देने वाले शिक्षक को बधाई प्रेषित की गई। उक्त जानकारी मार्गदर्शक शिक्षक अनिल पंडित ने दी।

# वार्ड 9 के रहवासियों का क्षेत्र में अवैध गार्डन से बढ़ती परेशानी पर फूटा आक्रोश, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



वार्ड क्रमांक 9 के बीमा अस्पताल के पीछे स्थित रहवासी क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित कबीर गार्डन के कारण क्षेत्रवासियों का जनजीवन लंबे समय से अस्त-व्यस्त हो रहा है। आए दिन होने वाली शादियों में लगने वाला जाम, देर रात तक बजने वाला शोर-शराबा, असामाजिक तत्वों की आवाजाही तथा कार्यक्रमों में शामिल कुछ लोगों द्वारा महिलाओं और युवतियों से छेड़छाड़ जैसी घटनाओं ने माहौल को असुरक्षित बना दिया है। इन्हीं समस्याओं से व्यथित गंगा निकेतन कॉलोनी की सैकड़ों मातृशक्तियों और स्थानीय रहवासियों ने वार्ड पार्षद दीपेश कानूनगो के नेतृत्व में एसपी कार्यालय और कलेक्टर कार्यालय के जनसुनवाई दिवस पर पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

रहवासियों ने बताया कि विगत कई वर्षों से वे थाना सिविल लाइंस और नगर निगम आयुक्त को भी शिकायतें दे चुके हैं, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इस बार उन्होंने इसे अंतिम प्रयास बताते हुए प्रशासन को चेतावनी दी है।पार्षद दीपेश कानूनगो ने कहा कि रहवासी जिस पीड़ा से गुजर रहे हैं, वह अत्यंत गंभीर है।

आवासीय क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित गार्डन को बंद किया जाना चाहिए। मैंने पहले भी इस विषय को अधिकारियों के समक्ष उठाया है।रहवासी प्रवीणसिंह चौहान ने कहा कि यदि 15 दिनों में न्यायोचित कार्रवाई नहीं की गई, तो क्षेत्रवासी उग्र आंदोलन करने को विवश होंगे और इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# निगम स्वछता की टीम ने किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



भारत सरकार द्वारा हाल ही में जारी हुए स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 परिणाम के पश्चात सुपर स्वच्छता लीग अंतर्गत स्वच्छ शहर जोड़ी प्रतिस्पर्धा के तहत देवास और सोनकच्छ को स्वच्छ जोड़ी के रूप में स्थान मिला है। नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार के निर्देश अनुसार नियमित सोनकच्छ शहर में स्वच्छता टीम द्वारा अवलोकन कर वहां के नागरिकों की सोच में बदलाव कर स्वच्छता का स्वभाव एवं स्वच्छता की आदत बनाए जाने हेतु प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम निगम आयुक्त के निर्देश पर स्वच्छ भारत मिशन टीम द्वारा नगर परिषद सोनकच्छ का दौरा किया। इस दौरान टीम द्वारा वार्ड में कचरा संग्रहण, स्त्रोत प्रथक्कीकरण, सार्वजनिक एवं व्यावसायिक क्षेत्र में सफाई व्यवस्था, बैकलेन सौंदर्यिकरण ,शहर में शौचालय एवं मूत्रालय की स्थिति के साथ तालाब व शहर में लीटर बिन आदि सुविधाओं का जायजा लिया। अवलोकन के दौरान नागरिकों से रात्रि कालीन सफाई, शहर में पॉलिथीन प्रतिबंध को लेकर जागरूकता आदि विषयों पर नागरिकों की प्रतिक्रिया ली गई। उल्लेखनीय है कि मिनिस्ट्री द्वारा इस कड़ी में शहर में दृश्यमान स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, प्रयुक्त जल प्रबंधन, डिस्लेजिंग सेवाओं का मशीनीकरण, सफाई कर्मचारी कल्याण योजन के साथ नागरिक प्रतिक्रिया और शिकायतों के समाधान हेतु निर्देशित किया गया है। इस अवसर पर निगम से स्वच्छ भारत मिशन सदस्यों की टीम उपस्थित रही।

# आपदा प्रबंधन टीम ने कार्यशाला में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



आपदा प्रबंधन जनजागृति कार्यक्रम अंतर्गत जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अध्यक्ष कलेक्टर ऋतुराज सिंह के आदेशानुसार व राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण म०प्र० गृह विभाग भोपाल के द्वारा जारी निर्देश के अंतर्गत मंगलवार को अरिहंत पब्लिक स्कूल चापडा में जनजाग्रति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में स्कूल स्टाफ व 250 से अधिक छात्रा छात्राओं की उपस्थिति में डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट होमगार्ड प्लाटून कमांडर वीना कौशल व आपदा टीम गौरव चंद्रवाल, तेजपाल सिंह राजपूत,कुलदीप राजपूत, सौरभ यादव, एसडीआरएफ जवान रमन परदे द्वारा अग्निशमन, भूकंप, लू ताप, वज्रपात, सर्पदंश, बाढ़ जैसे आपदाओं के समय सावधानियां एवं बचाव की तकनीक एवं मध्यप्रदेश सरकार के मौसम के पूर्वानुमान सूचना संबंधी महत्वपूर्ण सचेत ऐप के बारे जानकारी दी गई।इस दौरान बच्चों को उक्त उपकरणों को किस प्रकार उपयोग करना चाहिए उसके बारे में भी जानकारी दी गई। वीना कौशल ने बताया कि लगातार क्षेत्र के स्कूलों व अन्य संस्थाओं के माध्यम से कार्यशाला आयोजित कर आमजन को आपदा प्रबंधन टीम के कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए जागरूकता किया जा रहा है। साथ ही 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से बाइक ना चलाने की बात कही गई। इस दौरान प्राचार्य निशा पाटीदार, संचालक मोहन जाट, शिक्षक शिक्षिका नेहा मालवीय, सविता पाटीदार, नितिन यादव, संजय राठौर, शिवानी जाट, संगीता चौहान, नीमा मंडला, रोशनी मालवीय, स्नेहा मंडला, अनुराग कारपेंटर, गोविंद आदि उपस्थित रहे। स्कूल की ओर से टीम के सदस्यों का स्वागत किया गया।

# निजी भवन में पढने को मजबूर पंथमुंडला के प्राथ. विद्यालय के बच्चे, स्कूल के जर्जर भवन को टूटे चार माह बीते, फिर भी शुरू नहीं हो पाया निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले की ग्राम पंचायत पंथमुंडला के प्राथमिक विद्यालय भवन के पुनः निर्माण की मांग का आवेदन लेकर सरपंच प्रतिनिधि जावेद पटेल एवं ग्रामीण साहिल पटेल कलेक्टर कार्यालय व विधायक निवास पहुंचे। आवेदन में बताया कि ग्राम पंथमुंडला में वर्षो पुराना प्राथमिक विद्यालय वर्तमान में जर्जर अवस्था में है जिसके कारण विद्यालय के बच्चे एक निजी भवन में पढने को मजबूर है जिससे विद्यार्थियों को कई कठिनाईयों का सामना करना पढ रहा है। देवास जिले का एक मात्र विद्यालय पंथमुंडला में स्थित है जहां 65 से अधिक बच्चे अध्ययन हेतु आते है। ग्रामीण जनों ने कई बार देवास विधायक, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला कलेक्टर सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को आवेदन देकर ध्यान आकर्षित करवा चुके है, लेकिन आज तक विद्यालय भवन का पुनः निर्माण नही हो पाया। हर बार सिर्फ आश्वासन मिला है। निजी भवन में चल रहे विद्यालय में बच्चों को शौचालय, पीने के पानी व खेल-कूद ग्राउंड आदि की सुविधा नही मिल रही है। आवेदन के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने आश्वासन दिया है कि शीघ्र ही नवीन भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। ग्रामीणजनों ने मांग की है कि शीघ्र ही पंथमुंडला के प्राथमिक स्कूल के नवीन स्कूल भवन का निर्माण कराया जाए, जिससे बच्चों का भविष्य खराब न हो और उन्हें पढाई के साथ अन्य सुविधा मिल सके।

#### जिले में पदयात्रा/एकता मार्च के सफल क्रियान्वयन के लिए बैठक आयोजित

# पटेल की 150वीं जयंती वर्ष के अवसर पर होगा एकता मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




राष्ट्रीय एकता के प्रतीक लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के 150 वीं जयंती वर्ष के अवसर पर देवास जिले में सासंद महेन्द्र सिंह सोलंकी के नेतृत्व में हाटपीपल्या, सोनकच्छ और देवास में पदयात्रा/एकता मार्च का आयोजन किया जायेगा।

उप निदेशक नेहरू युवा केन्द्र (माय भारत) तारा पारगी ने बताया कि पदयात्रा/एकता मार्च आयोजन की रूपरेखा को लेकर संबंधित विभागों की बैठक जिला पंचायत सभागार में आयोजित हुई। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत देवास एस.एस सिंह, जिला अध्यक्ष राय सिंह सेंधव, मनीष जैन,महेश चौहान, सुदेश सांगते, खेल विभाग के अधिकारी जावेद पठान, शिक्षा, नगर निगम, नगर परिषद, स्वास्थ्य, महाविद्यालय/विद्यालय प्राचार्य, एन.एस.एस, स्काउट गाइड, जनअभियान परिषद के अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि सांसद महेन्द्र सोलंकी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में 20 नवम्बर को हाटपीपल्या, 21 नवम्बर को सोनकच्छ एवं 22 नवम्बर को देवास में पदयात्रा/एकता मार्च का आयोजन किया जाएगा। बैठक में पदयात्रा/एकता मार्च के सफल आयोजन के संबंध में चर्चा कर कार्य योजना बनाई गई। बैठक में बताया गया कि 20 नवम्बर 2025 को हाटपिपल्या में पदयात्रा/एकता मार्च प्रातः 11 बजे कन्या शाला से प्रारंभ होकर देवगढ़ चौराहा, पुराना बस स्टेण्ड, नृसिंह मंदिर, गांधी चौक, मोचीपुरा, बजरंग चौराहा, बागली मार्ग हाते हुए पाटीदार छात्रावास पर पदयात्रा/एकता मार्च का समापन होगा। पदयात्रा/एकता मार्च सोनकच्छ में 21 नवम्बर 2025 को प्रातः 11 बजे से प्रारम्भ होकर अमर शहिद राजा भाऊ महांकाल शासकीय महाविद्यालय से प्रारंभ होकर, बस स्टेण्ड, बजरंग चौराहा, जैन मंदिर, राजा भाऊ महांकाल प्रतिमा, महाराणा प्रताप चौक, प्रगति नगर होते हुए गंधर्वपुरी चौराहे पर पदयात्रा/एकता मार्च का समापन होगा। पदयात्रा/एकता मार्च देवास में 22 नवम्बर 2025 को देवास से प्रातः 11 बजे श्रीमंत तुकोजी राव पवार स्टेडियम से प्रारंभ होकर, नाहर दरवाजा, नयापुरा मनकामनेश्वर, तीन बत्ती चौराहा, पीठा रोड, अलंकार चौराहा, सुतार बाखल, गोया, ए.बी रोड होते हुए सयाजी द्वार पर पदयात्रा/एकता मार्च का समापन होगा। जिला प्रशासन द्वारा जिले के नागरिकों से आग्रह किया गया है कि राष्ट्रीय एकता के प्रतीक लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के 150 वीं जयंती वर्ष के अवसर पर जिले में निकाली जा रही पदयात्रा/एकता मार्च में अधिक से अधिक सख्ंया में भाग लेकर पदयात्रा/एकता मार्च को सफल बनाए।

# कड़कड़ाती शीतलहर का दिख रहा प्रकोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



प्रदेश में नवंबर में ही रिकॉर्ड तोड़ ठंड देखने को मिल रही है तो वही राजधानी भोपाल और इंदौर में शीतलहर का प्रकोप देखने को मिल रहा है। कई शहरों में रात का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच रहा है।वहीं मंगलवार को कई जिलों में शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है। दो दिन पूर्व देवास कलेक्टर ऋतुराज सिंह द्वारा भी शीतलहर को देखते हुए स्कूलों के समय में भी परिवर्तन किया गया है। भौरासा नगर में भी लोग ठंड से बचने के लिए उनी कपड़े व अलाव का सहारा ले रहे हैं तो वही होटलो पर गरमा गरम जलेबी के लिए दुकानों पर भीड़ लगी हुई देखी जा सकती है।

### अटल आवासीय विद्यालय में मंडल स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक

# जिलाधिकारी ने विद्यालय का निरीक्षण में विद्यार्थियों का शैक्षिक स्तर परखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

आयुक्त, झांसी मण्डल, झांसी बिमल कुमार दुबे ने जिलाधिकारी सत्य प्रकाश सहित अन्य अधिकारियों के साथ अटल आवासीय विद्यालय में मण्डल स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक की, जिसमें मण्डलायुक्त ने वर्चुअल प्रतिभाग किया, बैठक में विद्यालय के प्रबंधन को लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई, साथ ही जिलाधिकारी ने विद्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और छात्र-छात्राओं के साथ भोजन गृहण भी किया।

इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पारम्परिक रुप से अतिथियों का स्वागत किया। मण्डलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अटल आवासीय विद्यालय की स्थापना गरीब तबके के बच्चों के लिए की गई है, इनके लिए बेहतर से बेहतर व्यवस्थाएं की जायें, बच्चों के लिए विद्यालय में अच्छा परिवेश, अच्छा खाना, अच्छा स्वास्थ्य, अच्छी शिक्षा, अच्छा खेल सहित सभी व्यवस्थाएं उच्च स्तर की होनी चाहिए। इसके लिए बच्चों को पर्याप्त खेलने का समय दिया जाए, शाम को खेलने का समय बढ़ाया जाए, ताकि वे शारीरिक रुप से भी मजबूत हो सकें।




शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने प्रधानाचार्य अटल आवासीय विद्यालय को प्रत्येक परीक्षा के उपरान्त समस्त विद्यार्थियों का अंको के आधार पर क्लासीफिकेशन कर सेक्शनवाइज शैक्षणिक प्रगति रिपोर्ट बनाकर जिलाधिकारी और उन्हें अवगत कराने के निर्देश दिये। सुरक्षा के दृष्टिगत मण्डलायुक्त ने विद्यालय में संचालित मेस में टीनशैड निर्माण के साथ-साथ में गैस सिलेण्डर हेतु भूमिगत सिलेण्डर स्टोरेज/सिलेण्डर बैंक का निर्माण कराने हेतु निर्देश दिये। स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा में मण्डलायुक्त ने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुये मुख्य चिकित्साधिकारी को विद्यालय में कैम्प लगाकर एलोपैथ चिकित्सक के साथ आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक चिकित्सकों से ओवरऑल चेकअप कराने, डाइटेशियन उपलब्ध कराने, डाइट चार्ट बनाने, हर बच्चे का मेडीकल कार्ड बनाने के निर्देश दिये।

बैठक के उपरान्त जिलाधिकारी ने खेल मैदान की स्थापना के लिए विद्यालय के समीप 10 एकड़ भूमि का निरीक्षण कर चिन्हित किया एवं निर्देश दिये कि जिला प्रशासन उक्त भूमि पर विद्यार्थियों के लिये खेल मैदान बनाकर तैयार करेगा, जिससे पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों का शारीरिक विकास भी हो सके। उन्होंने विद्यालय में संचालित कक्षाओं में जाकर पठन-पाठन को देखा और बच्चों से प्रश्न भी पूछे। उन्होंने बच्चों से विद्यालय की व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया और उनके साथ भोजन ग्रहण किया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 अंकुर श्रीवास्तव, संयुक्त शिक्षा निदेशक झांसी आर0 राना, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, उप श्रम आयुक्त झांसी किरन मिश्रा, अधीक्षण अभियंता विद्युत वीर भद्र सत्यार्थी, अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड द्वितीय विशाल सिंह, सहायक अभियंता, निर्माण खंड (भवन), लोनिवि, झांसी एसके सिंह, सहायक अभियन्ता, निर्माण खण्ड (भवन), लोनिवि, झांसी डीके मिश्र, श्रम प्रवर्तन अधिकारी अनिल कुमार, प्रधानाचार्य जियालाल सहित ग्राम प्रधान व समिति के अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

**खास बातें**

- बच्चों के लिए खेल मैदान हेतु विद्यालय के पास 10 एकड़ भूमि को किया चिन्हित
- विद्यालय में कैम्प लगाकर एलोपैथ, आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक चिकित्सकों से बच्चों का ओवरऑल चेकअप कराने के दिये निर्देश
- विद्यालय के मेस में टीनशैड निर्माण के साथ-साथ गैस सिलेण्डर हेतु भूमिगत सिलेण्डर स्टोरेज बनाने के दिये निर्देश

# खराब प्रगति पर समुदाय मैनेजरों को फटकार सुधार नहीं तो सेवा समाप्त करने की चेतावनी

### जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर बनाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर





जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश ने सोमवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की जिला स्तरीय शासी निकाय की बैठक कर जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की एक-एक कर गहन समीक्षा की और लपरवाह अधिकारियों व चिकित्सकों को फटकार लगायी और वेतन रोकने की कार्यवाही करते हुए स्पष्टीकरण तलब किया।

बैठक के दौरान विकासखण्ड स्तर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बार और बिरधा में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति खराब होने पर जिलाधिकारी ने सम्बंधित प्रभारी चिकित्साधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी कि अगली बैठक तक स्वास्थ्य सेवाओं के सभी पैरामीटर्स में अपेक्षित सुधार न हुआ तो जिम्मेदारों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर व ब्लॉक कम्युनिटि प्रोसेस मैनेजर को कारण बताओ नोटिस के साथ चेतावनी दी कि यदि व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ तो सेवाएं समाप्त कर दी जाएंगी। इसके अलावा बैठक में अनुपस्थित रहने व कार्य में शिथिलता व लापरवाही पाये जाने पर प्रभारी चिकित्साधिकारी जखौरा का एक दिन का वेतन काटते हुए स्पष्टीकरण तलब किया गया। मड़ावरा और महरौनी सहित सभी विकासखण्डों में पिछले वर्ष की अपेक्षा संस्थागत प्रसव कम होने पर जिलाधिकारी ने चिंता व्यक्त करते हुए थर्ड पार्टी यूनिसेफ, डब्ल्यूएचओ व जिला कार्यक्रम अधिकारी से जांच कराने के निर्देश दिये, जिससे स्पष्ट हो सके कि संस्थागत प्रसव में कमी किन कारणों से आ रही है। प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने विकासखण्डों में नवीन प्रसव इकाईयां तैयार कराकर सभी प्रसव संस्थागत कराना सुनिश्चित करें, इसके लिए उन्होंने सभी को निर्देश दिये कि वह आशा और एएनएम को ट्रेनिंग कराकर सक्रिय करें कि कोई भी प्रसव बाहर न हो। नियमित टीकाकरण के सम्बंध में निर्देश दिये गए कि सभी केन्द्रों पर शत-प्रतिशत टीकाकरण किया जाए। सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी अपने -अपने क्षेत्र की आंगनबाड़ी केन्द्रों पर वजन मशीनें उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, सीएमएस डॉ गजेन्द्र सिंह, डीपीआरओ कुँवर सिंह यादव, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल, जिला कार्यक्रम अधिकीर नीरज सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश भारती, डीपीएम रजिया फिरोज आदि लोग मौजूद थे।

### एसआईआर की प्रक्रिया 4 दिसंबर तक

## अवशेष बीएलओ जल्द नियुक्त करें दल

**ललितपुर**। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी लखनऊ के निर्देशों का हवाला देते हुये बताया कि अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 (एसआईआर) के निर्धारित कार्यक्रम के अन्तर्गत 04 नवम्बर से 04 दिसम्बर 2025 तक बी.एल.ओ. द्वारा घर-घर भ्रमण कर गणना प्रपत्र वितरण एवं संग्रहण का कार्य किया जा रहा है।

उक्त कार्य में बी.एल.ओ. को बूथ लेवल एजेण्ट्स से सहयोग एवं समन्वय स्थापित किये जाने के दृष्टिगत समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से अपने दल के बूथ लेवल एजेण्ट्स को नियुक्त जाने की अपील की गयी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी लखनऊ के द्वारा आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग 10 नवम्बर 2025 के माध्यम से भी समस्त राजनैतिक दलों को बी.एल.ए. नियुक्त करने हेतु अनुरोध किया गया है। उक्त के क्रम में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के सम्बन्ध में जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ आयोजित बैठकों 29 अक्टूबर 2025 एवं 06 नवम्बर 2025 एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति संख्या-498 तेरह नवम्बर के अनुरोध के क्रम में जनपद के कुल 1063 मतदेय स्थलों के सापेक्ष अब तक भाजपा द्वारा-1063, सपा द्वारा-1023, बसपा द्वारा 420 एवं इण्डियन नेशनल कॉग्रेस द्वारा 518 बी.एल.ए.को नियुक्त कर सूची जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध करायी जा चुकी है।

उक्त के परीक्षणोपरान्त बसपा को अपने अवशेष 643, सपा अवशेष-40 एवं इण्डियन नेशनल कॉग्रेस को अपने अवशेष 545 मतदेय स्थलों पर बी.एल.ए. तथा जनपद में सक्रिय शेष दलों यथा आप एवं अपना दल (सोने लाल) से अपेक्षा है कि वे समस्त-1063 मतदेय स्थलों पर अपने बी.एल.ए. यथाशीघ्र नियुक्त करें ताकि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में सम्बन्धित बी.एल.ओ. के साथ परस्पर सहयोग एवं समन्वय स्थापित कर गुणवत्तापूर्ण पुनरीक्षण कार्य जनपद में ससमय सम्पादित किया जा सकें।

## आटा चक्की की दुकान में घुसकर लूटपाट करने का आरोप

**ललितपुर**। आटा चक्की की दुकान में घुसकर लूट की घटना को अंजाम देकर लाठी-डण्डों का भय दिखाकर मारपीट करने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। इस प्रकरण में कोतवाली क्षेत्रांतर्गत मजरा गुजरातन में रहने वाले केहर सिंह पुत्र रघुवीर सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि मंगलवार को अपराह्न 1 बजे जब वह घर में था, तभी गांव के दबंग लोगों ने एकराय होकर जमीनी रंजिश को लेकर आये और गालियां देते हुये आटा चक्की की दुकान में घुस गये। आरोप है कि दुकान में पिसाई का रखा करीब 700 रुपया लूटकर लाठी-डण्डों का भय दिखाने लगे। इसी बीच खेत से लौट रहे कृपाल सिंह पुत्र शिवप्रसाद, रघुवीर सिंह पुत्र बुद्दे ने उन्हें देखा और ललकारा, तब उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पीड़ित ने पुलिस से उक्त लोगों के खिलाफ कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

### पुलिस देख जेसीबी लेकर भागे तीन दर्जन से अधिक लोग

## स्थगन आदेश के बावजूद जमीन पर जबरन कब्जे का प्रयास रोका

**ललितपुर**। सिविल जज सीनियर डिवीजन की न्यायालय से स्थगन आदेश प्राप्त होने के बावजूद भी दबंगों द्वारा जबरन जमीन पर भारी-भरकम मशीनों को ले जाकर बलपूर्वक अवैध कब्जा करने का प्रयास किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस सम्बन्ध में ग्राम पनारी निवासी जाकिर खां उर्फ जाकिर राज चौहान पुत्र स्व.सगीर खां ने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 16 नवम्बर को सुबह 11 बजे वह अपने घर में था। तभी लेखपाल, कानूनगो व राजस्व कर्मी एकत्र होकर आये और उससे कहा कि एसडीएम के आदेश पर जमीन की नाप करना है। प्रकरण में जब आराजी नं. 207 व 208 का सिविल जज सी.डि. से स्थगन आदेश दिखाया गया, जिस पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके से चले गये। आरोप है कि इसी बीच नदीपुरा निवासी अकरम अपने साथ ग्राम घटवार व आजादपुरा में रहने वाले कुछ लोगों को लेकर आये। इनके साथ तीन से चार दर्जन लोग और भी हथियारों से लैस होकर मौके पर थे। आरोप है कि उक्त लोगों ने दहशत फैलाने का भरशक प्रयास किया और स्थगन आदेश के बावजूद भी जमीन में लगी तार फेंसिंग, पत्थर गड्डी को जेसीबी मशीन से तोड़ते हुये जमीन में घुस गये और कब्जा करने का प्रयास किया। करीब एक घण्टा बाद उसने जेसीबी चलाने से मना किया तो उक्त लोग हमला करने पर आतुर हो गये और जान से मारने की धमकी देते हुये षडयंत्रपूर्वक झूठे मुकद्दमें में फंसाने की धमकी देने लगे। पीड़ित ने तत्काल डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी, जिस पर कुछ ही समय पश्चात पुलिस मौके पर आ पहुंची, जिसे देखकर उक्त लोग जेसीबी लेकर भाग गये।

## जाखलौन में ट्रैक्टर और महरौनी में डंपर अवैध परिवहन करते पकड़ा

### अवैध खनन का आरोप, पुलिस के सुपुर्द किए वाहन

**ललितपुर**। ग्रामीणों द्वारा अवैध खनन की शिकायत मिलने पर तहसील ललितपुर थाना जाखलौन अंतर्गत ग्राम वेसरा में खनिज विभाग की टीम द्वारा बीती 13 नवम्बर क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर ग्राम वेसरा में वाहन ट्रेक्टर महिन्द्रा 275 डी.आई., ट्रैक्टर आइसर 551 एवं ट्रैक्टर पावरट्रेक कुल 03 ट्रैक्टर उप खनिज साधारण मिट्टी का अवैध खनन एवं परिवहन करते हुये पाये गये। जिस पर खनिज अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत कार्यवाही करते हुये उक्त तीनों वाहनो को थाना जाखलौन में पुलिस की अभिरक्षा में दे दिया गया है। ग्रामीणों द्वारा अवगत कराया कि उक्त वाहन ग्राम महेशपुरा निवासी संतोष राजपूत के है। खेत स्वामी पर भी अवैध खनन के आरोप में नियमानुसार कार्यवाही की गयी है। अवैध खनन एवं परिवहन करने वाले लोगों पर लगातार सतत निगरानी एवं कार्यवाही की जा रही है, अगर भविष्य में कोई भी इस प्रकार का कृत्य करेगा तो उसके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी। इधर जिला खान अधिकारी एवं पुलिस विभाग द्वारा मध्य प्रदेश से खनिज लेकर आने वाले वाहनों की चेकिंग की गई, जिस दौरान एक वाहन एम.पी. 36 जेड.एफ. 9977 की जांच की गई। जांच के दौरान डंफर में एम सैंड खनिज का परिवहन पाया गया। जिस पर वैध प्रपत्र न होने के कारण जिला खान अधिकारी ने खनिज अधिनियम की धाराओं में कार्यवाही करते हुए वाहन को महरौनी पुलिस की अभिरक्षा में दे दिया गया है। अवैध खनन एवं परिवहन की रोकथाम हेतु खनिज विभाग द्वारा लगातार कठोर कार्यवाही एवं निगरानी की जा रही है।

## 1200 से अधिक मतदाता वाले 93 मतदेय स्थलों को बढ़ाया गया

## मतदेय स्थल सम्भाजन व समायोजन प्रस्तावों पर राजनैतिक दलों संग समीक्षा

**ललितपुर**। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थल सम्भाजन/समायोजन से सम्बंधित प्रस्तावों को अंतिम रुप दिये जाने के लिए मंगलवार को कलैक्ट्रेट सभागार में उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने जनपद के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक की। मतदेय स्थलों के सम्भाजन व समायोजन हेतु प्राप्त प्रस्तावों पर गहन समीक्षा की गई और 1200 से अधिक मतदाताओं वाले कुल 93 मतदेय स्थल बढ़ाये जाने का निर्णय लिया गया, जिनमें 226 विधानसभा ललितपुर के 46 और 227 विधानसभा महरौनी के 47 मतदेय स्थल शामिल हैं। बताया गया कि जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उक्त मतदेय स्थलों का प्रस्ताव आयोग के अनुमोदन हेतु 20 नवम्बर को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को भेजा जाएगा और मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा 24 नवम्बर को उक्त प्रस्ताव आयोग को भेजा जाएगा।

बैठक में विधायक महरौनी मनोहर लाल, विधायक प्रतिनिधि श्रीकांत, राजनैतिक दलों से जिलाध्यक्ष आम आदमी पार्टी हरदयाल सिंह लोधी एड., जिलाध्यक्ष बसपा अमन संतोष, जिला महामंत्री भाजपा बब्बू राजा बुन्देला, इण्डियन नेशनल कॉग्रेस से जसपाल सिंह, समाजवादी पार्टी से प्रमोद इमलिया, जिला महासचिव अपना दल (सोने लाल) सोहन लाल निरंजन, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा जगदीश सिंह लोधी,



अधिकारियों में जिला सूचना अधिकारी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी समर सिंह उपस्थित रहे।

## किराए पर लिए तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियां हड़पने का आरोप

### भट्टे में लगाने के लिए दतिया ले गए थे, एफआईआर दर्ज

**ललितपुर**। तालबेहट के ग्राम रजावन निवासी छक्कीलाल पुत्र सुम्मान ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 15 जून 2025 को शाम करीब 4 बजे उसके घर से सोनालिका ट्रैक्टर नं. यू.पी. 94 ए.के. 5450 व मनोज कुमार पुत्र सालिगराम का ट्रैक्टर आयशर नं. यू.पी.94 ए.एफ. 6652, ग्राम चन्द्रापुर के मजरा कशा निवासी रामकुंवर पत्नी छत्रपाल सिंह का ट्रैक्टर स्वराज नं. यू.पी. 94 जेड 5056 को मध्य प्रदेश के जिला दतिया में भट्टे पर किराए पर लगाने के लिए गांव का ही राजेश प्रजापति पुत्र हन्ना ने बात करके मध्य प्रदेश के जिला दतिया के भाण्डेरी फाटक ग्राम बंदर की हवेली हाऊस नं. 164 (क) निवासी राजेन्द्र व शंकर प्रजापति पुत्रगण लालाराम और दतिया की आरामशीन दरगाह के मुहल्ला ठण्डी सड़क निवासी राहुल कुशवाहा पुत्र सुरेश के साथ तीनों ट्रैक्टर एवं ट्रॉलियों को साथ ले गये। आरोप है कि अभी तक उक्त ट्रैक्टर-ट्रालियां अभी तक वापस नहीं किये। पीड़ित का आरोप है कि उक्त लोगों ने तीनों ट्रैक्टरों व ट्रॉलियों को बेईमानी की नीयत से रख लिया है और वापस नहीं कर रहे हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

## कटप्पा ने व्यापारी को पीटा

**ललितपुर**। नई बस्ती मोहल्ले में रहने वाले राकेश जैन पुत्र भईयालाल जैन ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी दुकान नया ओवरब्रिज के नीचे काम किराने की है, जिसका संचालन कर वह अपना व परिवार का भरण पोषण करता है। बताया कि 17 नवम्बर को शाम करीब 7.30 बजे जुगपुरा निवासी मुकेश कटप्पा शराब के नशे में चूर होकर उसकी दुकान पर आया और गालियां देने लगा। जब उसे गालियां देने से मना किया तो मुकेश कटप्पा ने उसके साथ मारपीट कर दी। उसकी दुकान का सामान फेंक दिया और सामान की तोडफ़ोड़ कर दी। आरोप है कि मुकेश ने धमकाते हुये 1कहा कि उसके खिलाफ शिकायत की तो उसे जान से मारकर फेंक देगा। पीड़ित ने बताया कि वह धमकाते हुये भागने लगा और दो-तीन बार जमीन पर गिर पड़ा, जिससे वह घायल भी हो गया। पीड़ित ने बताया कि मुकेश कटप्पा काफी दबंग और गुण्डा किस्म का व्यक्ति है और काफी कमजोर व गरीब है। पुलिस ने राकेश जैन की तहरीर पर मुकेश कटप्पा के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### मजरा कलौथरा के दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट

**ललितपुर**। कोतवाली तालबेहट क्षेत्रांतर्गत ग्राम सेरवांस कलां के मजरा कलौथरा में दो पक्षों में किसी बात को लेकर जोरदार मारपीट हो गयी। घटना के बाद तालबेहट पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पहले पक्ष की ओर से कलौथरा निवासी सावित्री पत्नी सीताराम ने पुलिस को बताया कि बीती 16 नवम्बर को शाम करीब 4 बजे वह घर के दरबाजे पर बैठी थी, तभी बिना किसी कारण पड़ौस की मीरा कुशवाहा पत्नी खुशीलाल, भारती पत्नी महेन्द्र कुशवाहा, क्रान्ति पत्नी भगवान कुशवाहा ने उसके साथ गालियां दीं और विरोध करने पर मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गयी।

आरोप है कि उक्त लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने महिला की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से मीरा पत्नी स्व.खुशीलाल कुशवाहा ने बताया कि बच्चों के खेलने के विवाद को लेकर सावित्री पत्नी सीताराम, सीताराम पुत्र लक्ष्मन ने उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी। बचाव करने आयी उसकी बहू भारती के साथ भी मारपीट करते हुये उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने महिला की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ भी मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### ग्राम पंचायत बुढवार, विकासखंड जखौरा में 5 करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण

# सरकार की जनहितैषी योजनाओं के माध्यम से विकास कार्य पूर्ण होने के बाद अंचल में जनता को मिलेगा सुविधाओं का भरपूर लाभः विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर





सदर विधायक ललितपुर रामरतन कुशवाहा द्वारा ग्राम पंचायत बुढवार, विकासखंड जखौरा में ग्रामीण विकास की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत लगभग 5 करोड़ रुपये की बहुप्रतीक्षित विकास परियोजनाओं का विधिवत लोकार्पण किया गया। इन परियोजनाओं में ग्राम विकास निधि, केंद्रीय पंद्रहवाँ वित्त आयोग, राज्य पंचम वित्त निधि तथा बुंदेलखंड क्षेत्रीय विकास निधि के माध्यम से स्वीकृत अनेक कार्य शामिल हैं, जिनका उद्देश्य ग्राम पंचायत में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना एवं ग्रामीण जीवन को बेहतर बनाना है।

इन परियोजनाओं में सड़क निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण, नाली निर्माण, पेयजल आपूर्ति सुधार, सामुदायिक भवनों का विकास, स्ट्रीट लाइटें, स्वच्छता एवं अन्य जनसुविधा से जुड़े कार्य प्रमुख हैं। इन कार्यों के पूर्ण होने से ग्राम पंचायत में विकास की गति तेज होगी और ग्रामीणों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष देशपत कुशवाहा, निवर्तमान अध्यक्ष श्यामबिहारी कौशिक , जिलाध्यक्ष भाजपा अनुसूचित मोर्चा सुरेन्द्र रजक, खंड विकास अधिकारी सौरभ बरनवाल , ग्राम पंचायत प्रधान अनुपम चौबे , जितेंद्र रिछारिया तथा ग्राम पंचायत सचिव ब्रह्मकुमार रिछारिया उपस्थित रहे।

इसके अतिरिक्त क्षेत्र के अनेक सम्मानित पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा कि सरकार ग्रामीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लगातार कार्य कर रही है और आने वाले समय में भी विकास की यह श्रृंखला लगातार जारी रहेगी। अंत में ग्रामवासियों ने विकास कार्यों के इस महत्वपूर्ण चरण के लिए विधायक एवं समस्त जनप्रतिनिधियों के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया।

कमीशन और हफ्ता न देने पर अपराधी ने किए फायर, पीड़ित को लगी दो गोलियां

# अपराधियों के हौसले बुलंद, युवक को गोली मारकर हुए फरार

## पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लूट, प्राणघातक हमला व अन्य धाराओं में किया मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

नगर में रविवार रात लगभग 10 बजे नेशनल हाईवे पर स्थित वृन्दावन होटल के समीप स्थित पंचर की दुकान के पास हुए हमले में आदतन अपराधी दयाशंकर शर्मा पर प्रॉपर्टी के काम में कमीशन और हफ्ता न देने पर एक व्यक्ति पर फायरिंग करने का आरोप लगा है। हमले में घायल रोहित चंद्रवंशी को दो से अधिक गोलियां लगीं। आरोपियों ने घटना के बाद उसके पास रखे 1.50 लाख रुपये भी लूट लिए और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने आरोपी दयाशंकर पंडित, नितिन सक्सेना, सुनील निवासी पीलूखेड़ी, दीपक, एवं एक अन्य के विरुद्ध प्राणघातक हमला, लूट एवं अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।



### घटना का विवरण

घायल रोहित पिता हरिचरण चंद्रवंशी उम्र 34 वर्ष, निवासी हनुमान मंदिर के पास कुरावर के बयान पुलिस ने भोपाल के केयर वेल अस्पताल में लिया। रोहित ने बताया कि रात 10 बजे वह तलेन तिराहे पर अपने साथियों सुनील मीणा, पवन मोंगिया, प्रवीण और अजय चंद्रवंशी के साथ था। बाद में वह चाय-नाश्ता करने नेशनल हाईवे स्थित महाकाल होटल पहुंचा, तभी उसे राहुल मीणा का फोन आया और वह सामने स्थित पंचर की दुकान पर पहुंचा। रोहित के अनुसार वहां पहले से दयाशंकर शर्मा, नितिन सक्सेना, सुनील निवासी पीलूखेड़ी, दीपक, राहुल मीणा, अज्जू खान सहित दो अन्य लोग मौजूद थे। आरोप है कि दयाशंकर ने उससे प्रॉपर्टी के काम में कमीशन और हफ्ते की मांग की। रोहित द्वारा मना करने पर विवाद बढ़ गया और दयाशंकर के कहने पर एक साथी ने स्कॉर्पियो से देसी कट्टा निकालकर उसे थमा दिया, जिसके बाद दयाशंकर ने रोहित के कमर के बाईं ओर गोली मार दी। घायल के अनुसार वह घुटनों के बल स्कॉर्पियो तक पहुंचा ही था कि पीछे से एक अन्य आरोपी ने उसके पैर पर डंडा मारा और उसके बाद 3द्4 गोलियां और चलाईं। घायल रोहित के अनुसार उसकी जेब में रखी 1 लाख 50 हजार रुपये की राशि आरोपी लेकर फरार हो गए।

### पुलिस की कार्रवाई

घटना की जानकारी मिलते ही एसपी अमित तोलानी ने एक विशेष जाँच टीम (्प्ज) गठित की। सोमवार तड़के एसडीओपी मिनी शुक्ला ने भी मौके पर पहुंचकर परिस्थितियों का जायजा लिया। फिलहाल सभी आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं और उनकी तलाश जारी है।

### आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी दर्ज हैं मामले

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार दयाशंकर शर्मा आदतन अपराधी के रूप में सूचीबद्ध है। मार्च माह में भी उस पर नेशनल हाईवे सर्विस रोड स्थित डत्थ टायर शोरूम में पैसे मांगने पर दुकानदार से अभद्रता और दबाव बनाने का मामला दर्ज हुआ था। उस प्रकरण में भी दयाशंकर पुलिस गिरफ्त में नहीं आया और सीधे कोर्ट में पेश हो गया था। सूत्रों के अनुसार आरोपी पहले भी कई मामलों में संलिप्त रहा है।

### एसपी पहुंचे कुरावर पुलिस थाने

दोपहर के समय एसपी अमित तोलानी कुरावर पुलिस थाने पहुंचे जहां उन्होंने मामले में लिफ्ट आरोपियों के परिवार जनों से भी पूछताछ की एवं मामले की पूरी जांच में वहां जुट गए।

### आरोपी शीघ्र होंगे गिरफ्तार

*हमने मामला दर्ज किया है हम मामले की पूरी जांच कर रहे हैं आरोपी शीघ्र ही हमारी गिरफ्त में होंगे।*

*जितेंद्र मवई, थाना प्रभारी कुरावर*


## शीतलहर के चलते स्कूलों के समय में बदलाव

**राजगढ़।** जिले में पिछले कुछ दिनों से तापमान में लगातार हो रही गिरावट दर्ज की जा रही है वहीं रात के साथ-साथ दिन में भी शीतलहर चल रही है। गत दिवस राजगढ़ जिले का तापमान पूरे देश में सबसे कम दर्ज होने के बाद जिला प्रशासन ने बच्चों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत स्कूलों के समय में परिवर्तन का आदेश जारी किया है। कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा द्वारा जारी आदेश के तहत जिले में कक्षा नर्सरी से कक्षा आठवीं तक के समस्त शासकीय एवं अशासकीय सहित समस्त प्रकार की शैक्षणिक संस्थाएं प्रातः 9 बजे के पहले संचालित नहीं होंगी। उल्लेखनीय है कि जिले के कई निजी स्कूल सुबह 8 बजे से ही कक्षाओं का संचालन आरंभ कर रहे हैं जिसके लिए बच्चों को भीषण सर्दी के बीच सुबह 7 बजे से घर से तैयार होकर निकलना पड़ता था। ऐसे में बच्चों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत उक्त अहम निर्णय लिया गया है।

संचालन पर रोक लगाने के आदेश जारी

## 15 साल पुरानी बसों पर विभाग ने कसा शिकंजा

**ब्यावरा।** 15 वर्ष पूर्ण कर चुकी बसें अब सड़कों पर नहीं चल पाएंगी। ऐसी बसों को मप्र परिवहन विभाग ने यातायात के लिए उपयुक्त और सुरक्षित न मानते हुए उन पर रोक लगाने के निर्देश दिए जारी किए है। इस आदेश के बाद आने वाले समय मे जिला परिवहन विभाग अपनी कार्रवाई में तेजी लाएगा और इस तरह की बसों पर कार्रवाई की जाएगी। सड़क सुरक्षा और यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह कदम जरूरी उपयोगी है परंतु ग्रामीण अंचलों में यातायात को लेकर जो कंडम बसें अपनी संवाएं दे रही हैं उससे आने वाले दिनों में यात्रियों के साथ साथ बस मालिकों को भी परेशानी में डालने वाला है, जो बसे अभी तक प्रशासन के आपसी सामंजस्य से सड़कों पर दौड़ रही थी उन पर रोक लगाना जरूरी है।


मध्यप्रदेश शासन
परिवहन विभाग
भोपाल, दिनांक 14 नवम्बर, 2025

### पुरानी बसों को यात्रियों के लिए माना असुरक्षित

परिवहन विभाग ने 15 साल पुरानी बसों को यात्रियों की सुरक्षा के मान से खतरनाक व असुरक्षित मानते हुए उनकी जांच जरूरी बताते हुए उन बसों का सचालन पाया जाता है तो बस संचालक के विरूद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जावे। 15 वर्ष की उम्र पूर्ण कर चुके बस श्रेणी के वाहनों का संचालन नहीं होने देने के लिए जिला परिवहन अधिकारियों को आदेश जारी किए गए है।

नशे के दुष्प्रभावों से बचने के बताए उपाय

## नशा मुक्ति के लिए विहिप ने आयोजित की रन फॉर हेल्थ

**राजगढ़।** नशा मुक्त भारत की परिकल्पना के तहत विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार सुबह मुख्यालय पर रन पर हेल्थ का आयोजन किया गया। नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकले संगठन के युवाओं द्वारा लोगों से किसी भी तरह का नशा न करने का आगृह किया गया। इसके पूर्व विभाग संगठन मंत्री भानू राजपूत एवं जिलाध्यक्ष तेजेंद्र उपाध्याय ने भगवान राम के चित्र के समक्ष दीप-प्रज्जवलित किया। उपस्थितों को संबोधित करते हुए विहिप जिलाध्यक्ष ने उपस्थित युवाओं एवं छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए उनसे बचाने के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त युवा ही एक समृद्ध राष्ट्र का निर्माण कर सकता है।




मुख्यमंत्री और कलेक्टर के नाम सौंपे अलग-अलग ज्ञापन

## मनमर्जी के आदेशों के विरोध में उतरे सहा. पशु चिकित्सा अधिकारी




**राजगढ़।** जिले के पशु चिकित्सा विभाग में कार्यरत आधा सैकड़ा से अधिक सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों ने अपने ही विभाग के उच्चाधिकारियों द्वारा मनमाने तरीके से आदेश जारी करने के आरोप लगाए हैं। इस संबंध में जिले के सभी पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी सोमवार को कलेक्टेट पहुंचे और मुख्यमंत्री व कलेक्टर के नाम के ज्ञापन एसडीएम ज्योति राजोरे को सौंपे।

मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है कि पशुपालन विभाग में कृत्रिम गर्भाधन जैसे प्राकृतिक कार्य को प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा अनुचित दबाव बनाकर मनमाने तरीके से लक्ष्य प्राप्त कर कागजी आंकड़े तैयार किए जा रहे है। चूंकि, विभाग का कृत्रिम गर्भाधन देने का एकमात्र उद्धेश्य उन्नत नस्ल के पशु उत्पादन कर दुग्ध उत्पादन में वृद्धि करना है। कृत्रिम गभाधन जैसा कार्य पूर्णतः प्राकृतिक है। आदर्श परिस्थिति में कृत्रिम गर्भाधन करने से मूल उद्धेश्य की प्राप्ति कुछ हद तक संभव है लेकिन दबाव बनाकर कृतिम गर्भाधन के आंकड़े तैयार करने से किसी का हित नहीं होगा।

**मुख्यमंत्री से किया आग्रहः** ऐसे में मुख्यमंत्री से आगृह किया गया कि पशुपालन की प्राकृतिक एवं तकनीकी वैज्ञानिक विधा मे दक्ष न होने के बावजूद मनमर्जी के आदेश जारी करने वाले वरिष्ठ अधिकारियों को ऐसा करने से रोका जाए। इस अवसर पर संघटन अध्यक्ष होकमचंद संजोदिया, जाहिद अली, रामबाबू दांगी, हेमराज धाकड़, अरविंद दांगी, जगदीश चंद्र राठौर, पीएस चंद्रावत, जुनेद अली, अर्चना यादव, कुं. सदम मंसूरी, शुभम सक्सेना आदि रहे मौजूद।

## एमडी ड्रग्स के साथ एक तस्कर गिरफ्तार, कार जब्त



**सारंगपुर।** जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सारंगपुर पुलिस ने एक बड़ी सफलता अर्जित की है। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे के निर्देशों पर एसडीओपी अरविंद सिंह के मार्गदर्शन में थाना सारंगपुर पुलिस टीम ने एमडी ड्रग्स तस्करी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई थी कि एक युवक ट्रैकशूट पहने गोल्डन कलर की कार के साथ तारागंज रोड पर खड़ा है और उसके पास अवैध एमडी ड्रग्स है। सूचना पर तुरंत टीम गठित कर कार्रवाई की गई। तारागंज रोड पर बताए गए हुलिये का युवक दिखाई देने पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सनब्बर अंसारी पिता नासिर अंसारी निवासी बोगदापुल बाग फरहद, थाना ऐशबाग, भोपाल बताया। पुलिस ने युवक के कब्जे से एमडी ड्रग्स 42.50 ग्राम कीमत लगभग 85 हजार घटना में प्रयुक्त गोल्डन कलर की जैन एस्टीलो कार एमपी 04 सीडी 0405 कीमत लगभग 2 लाख 50 हजार जप्त की है। आरोपी के विरुद्ध थाना सारंगपुर में अपराध क्रमांक 779/25, धारा 08/22 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई है। वही जनचर्चा यह भी है कि आरोपी मछली गैंग का गुर्गा है जिसके ऊपर कई मामले दर्ज हैं। कार्रवाई में थाना प्रभारी सारंगपुर आकांक्षा हाडा, उनि अमित त्यागी आरक्षक राजवीर, अतुल मोर्य, राकेश धाकड़ शुभम आदि का योगदान रहा।



सेवा सदन में जनसुनवाई

### मंत्री बोले - क्षेत्रवासियों की समस्याओं का शीघ्र करें समाधान जन सेवा संकल्प जनहित सर्वोपरि

**सारंगपुर।** मप्र प्रदेश सरकार के तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ गौतम टेटवाल ने एसडीएम चैराहे पर स्थित सेवा सदन कार्यालय में क्षेत्रवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनीं और उन्हें शीघ्र एवं प्रभावी समाधान का विश्वास दिलाया। मंत्री ने कहा कि आप सभी के सहयोग और विश्वास से यह जनसेवा की यात्रा निरंतर आगे बढ रही है। आपका विश्वास ही मेरी सबसे बडी प्रेरणा है, और मैं सदैव निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के साथ जनसेवा के इस पावन कार्य में संलग्न रहूँगा। इस दौरान आमजन ने मंत्री के समक्ष पीएम आवास, बिजली, पानी, सड़क और रोजगार से संबंधित मांग रखी और समाधान की अपील की, मंत्री ने सभी समस्याओं का हल करने के लिए आश्वास्त किया।

### बिरसा मुंडा पर व्याख्यान माला का आयोजन



**जीरापुर।** शासकीय महाविद्यालय में एमएसडब्ल्यू बी एस ब्लू की कक्षा में जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर बिरसा मुंडा के प्रेरणादायक जीवन चरित्र पर आधारित कार्यक्रम हुआ। जनजातीय समुदाय के महानायक बिरसा मुंडा के ऐतिहासिक संघर्ष, समाज सुधार और स्वतंत्रता हेतु उनके योगदान को जन-जन तक पहुँचाना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजगढ़ विभाग के संयोजक गिरिराज गुप्ता ने बिरसा मुंडा के जीवन और उनके द्वारा छेड़ी गई उलगुलान (महाविद्रोह) के ऐतिहासिक महत्व को गाँठते हुए बताया कि बिरसा मुंडा ने 19वीं सदी के अंत में अंग्रेजों द्वारा लागू की गई जमींदारी और राजस्व प्रथा के खिलाफ आदिवासी अस्मिता, स्वायत्तता और संस्कृति के संरक्षण हेतु लड़ाई छेड़ी थी।

## सामने आए सरकार को चूना लगाने वाले आउटससोर्स कर्मचारियों के नाम

### बिना काम किए ले रहे थे वेतन, विभाग करेगा कार्रवाई या देगा अभयदान


प्रबंधक, कंप्यूटर ऑपरेटर व आउटसोर्स कंपनी भी डाटा बताने में दिखे असमर्थ
वेयरहाउस में कब रुकेगी सरकारी पैसे की लूट! कलेक्टर के जांच आदेश भी निरर्थक
जांच हुई तो वित्तीय अनियमित्ता आएगी सामने, कई ओरिजिनल पत्रक भी गुम
बिना काम किए निकलती रही आउटसोर्स कर्मचारियों की वेतन
23 में से 12 कर्मचारी ही करते हैं काम बाकी का सिर्फ नाम
कम्प्यूटर ऑपरेटर की ऑफिशियल जांच जरूरी
पिछले तीन महीनों में कम हुए कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

शहर के सरकारी वेयरहाउस में आउटसोर्स कर्मचारियों की ड्यूटी और वेतन को लेकर गठित की गई जांच टीम की रिपोर्ट के बाद जो सच्चाई सामने आई है वह सरकारी पैसे की बंदरबांट की ओर इशारा करती है। कलेक्टर डॉ गिरीश मिश्रा के आदेश के बाद जांच टीम ने पाया की ब्यावरा सरकारी वेयरहाउस में 12 आउटसोर्स कर्मचारी ऐसे थे जो बिना काम किए सालों से वेतन ले रहे थे। 50 लाख से ज्यादा के इस घोटाले में कौन-कौन लिप्त है इसका पर्दाफाश होना भी जरूरी है। अब देखना यह है कि वेयरहाउस कार्पोरेशन इस घोटाले को छुपाता है या फिर दोषियों पर कार्रवाई करते हुए उनसे सरकारी पैसे की रिकवरी करता है। उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने आउटसोर्स कर्मचारियों द्वारा सरकारी पैसे के दुरूप्योग को लेकर समाचार प्रकाशित किए थे।

### परिवार के लोगों के नाम से निकल रहा था वेतन

जांच टीम के पूर्व हालात यह थे कि वेयरहाउस में आउटसोर्स पर काम कर रहे लोगों ने ही प्रबंधन से सांठ-गांठ कर अपने परिजनों के नाम लिखवा दिए थे और उनके वेतन का आहरण हो रहा था। सालों से निकाले जा रहे इस वेतन का यदि आंकलन किया जाए तो 50 लाख से भी ज्यादा की आर्थिक अनियमितता सामने आएगी।

किसके कहने पर चल रहा था फर्जी आउटसोर्स कर्मचारियों के वेतन का खेल कलेक्टर द्वारा जांच आदेश के बाद 12 कर्मचारी ऐसे निकले जिन्हें कभी वेयरहाउस में देखा ही नहीं गया।


### यह हैं वेयरहाउस के काम करने वाले फर्जी आउटसोर्स कर्मचारी

वेयरहाउस में सालों से काम करने के नाम पर वेतन वसूल करने वाले आउससोर्स कर्मचारियों में -

| क्रमांक | नाम व पिता का नाम |
|---|---|
| 1 | लोकेन्द्र सिंह पिता गोकुल सिंह |
| 2 | चंदनसिंह पिता गोकुल सिंह |
| 3 | लक्ष्मण सिंह पिता गोकुल सिह |
| 4 | सुरेन्द्र सिंह पिता शिवमान सिंह |
| 5 | अजय सिंह पिता गोर्वधन सिंह |
| 6 | गोर्वधन सिंह पिता चांद सिंह |
| 7 | मनोहर सिंह पिता लालसिंह |
| 8 | भूपेन्द्र सिंह पिता लाल सिंह |
| 9 | रिन्कू सिंह पिता जसमान सिंह |
| 10 | रेहान खान पिता जाकिर हबीब |
| 11 | अनिल कुमार पिता मोरसिहं |
| 12 | बंटी पिता गोपाल सिंह |
| 13 | राजनाथ सिंह पिता चरन सिंह |

ईई ने लिखकर दिया तब माने ग्रामीण

## नहरों में पानी न छोड़ने से गुस्साए किसानों ने किया चक्काजाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

रबी सीजन की मुख्य फसल गेहूं के लिए इस समय खेतों में पानी की नितांत आवश्यकता है लेकिन खुजनेर क्षेत्र के 20 से अधिक ग्रामों में अभी तक मोहनपुरा परियोजना की नहरों से पानी नहीं छोड़ा गया है। ऐसे में आक्रोषित किसानों ने सोमवार सुबह करेड़ी और राजपुरा गांव के बीच चक्काजाम कर दिया। पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में किसानों ने शासन, प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी। काफी समय तक चले चक्काजाम के चलते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। बाद में विभाग के कार्यपालन यंत्री संदीप दुबे मौके पर पहुंचे। उन्होंने आश्वासन दिया कि आगामी 3 दिनों में नहरों से पानी छोड़ दिया जाएगा। इसके बाद भी ग्रामीणजन नहीं माने और उन्होंने यह बात लिखकर देने के बाद ही चक्काजाम खत्म करने की बात कही। काफी समय से लग रहे चक्काजाम को देखते हुए कार्यपालन यंत्री द्वारा 20 नवंबर तक नहरें चालू करने की बात लिखित में देने के बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम समाप्त किया।

### इन गांवों के किसान रहे शामिल

नहरों से पानी जल्द छोड़ने की मांग पर अड़े किसानों में कालूखेड़ी, गेहूंखेड़ी, राजपुरा, नानागांव, बरखेड़ा, चांदपुरा, कुंडीबे, मोरपीपली, मोतीपुरा, तलाईखेड़ा, सरेड़ी, हाजीपुरा, वीरेंद्रपुरा, मनोहरपुरा, जोगीपुरा, फूलखेड़ी, करेड़ा, खेडी, खैरासी, भारतपुरा सहित अन्य ग्रामों के लोग शामिल थे।

जिले की ढाई हजार से अधिक आशा, ऊषा व आशा सहयोगियों का मामला, सौंपा ज्ञापन

# जुलाई से नहीं मिली प्रोत्साहन राशि, घर चलाना भी हुआ मुश्किल

### स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले के रूप में कार्य करती हैं ये सभी महिला कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले के रूप में कार्य करते हुए ग्रामीण अंचलों में विभाग के अनेकों दायित्व निभा रहीं आशा, ऊषा एवं आशा सहयोगी कर्मचारियों को एनएचएम द्वारा कभी भी समय पर प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं किया जाता है। आलम यह है कि कुछ ब्लॉकों में तो जुलाई माह से ही इन महिला कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं हुआ है।

ऐसे में आशा, ऊषा एवं आशा सहयोगी संयुक्त मोर्चा के बैनर तले सोमवार को जिले भर की ये सैकड़ों मैदानी कर्मचारी मुख्यालय पर एकत्रित हुईं। यहां सभी एक रैली के रूप में कलेक्टोरेट पहुंची और अपनी मांगों को लेकर पहले जमकर नारेबाजी की। बाद में संघ की जिलाध्यक्ष माधुरी दांगी एवं महासचिव श्यामली के प्रतिनिधिमंडल को कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने उन्हें अपने चेंबर में बुलवाया और इत्मिनान के साथ उनकी समस्याएं सुनी। कलेक्टर ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन दिया कि वे प्रोत्साहन राशि समय पर दिए जाने व अन्य सभी मांगों को लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के उच्चाधिकारियों को पत्र लिखेंगे।



### वेतन, पेंशन, ग्रेज्युटी सभी से वंचित हैं हम

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संचालक के नाम सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है कि हम सभी महिला कर्मचारी मातृ एवं शिशु मृत्युदर को रोकने, संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने, परिवार नियोजना कार्यक्रम, टीकाकरण, बीमारियों से रोकथाम सहित विभाग के अन्य अभियानों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती हैं। इसके बावजूद आशा, ऊषा एवं आशा सहयोगी बहनें आज बुनियादी अधिकारों जैसे न्यूनतम वेतन, पेंशन, ग्रेज्युटी, कार्य स्थल पर सामाजिक सुरक्षा तक से वंचित हैं।

### मांग उठाने पर कर देते हैं आंशिक भुगतान

महिला कर्मचारियों ने बताया कि राजगढ़ समेत अन्य जिलों में तीन-तीन महीनों से प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं किया गया है। अगर हुआ भी है तो आंशिक भुगतान ही किया गया है। अधिकांश ईकाईयों में प्रोत्साहन राशि का भुगतान काफी बकाया है। स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारियों की तरह हर महीने की 5 तारीख के पहले केंद्र एवं राज्य के हिस्से की एक साथ प्रोत्साहन राशि के भुगतान की मांग रखी गई।

### निवार्चन से जुड़े काम भी हमें सौंप रहे

संघटन पदाधिकारियों ने बताया कि एनएचएम द्वारा साल 2023 में सभी जिला निवार्चन अधिकारियों को पत्र जारी कर निवार्चन संबंधी कार्यों में संलग्न न करने का उल्लेख किया गया है, इसके बावजूद इन दिनों चल रहे निवार्चन संबंधी एसआईआर के दायित्व उन्हें सौंपे जा रहे हैं। वे यह काम भी कर सकती हैं लेकिन ऐसा होने पर वे अपने मूल दायित्वों का अच्छे से निवर्हन नहीं कर पाएंगी।

### यह भी रखी मांगे

- वेतन/प्रोत्साहन की सभी बकाया राशियों का भुगतान किया जाए।
- केंद्र द्वारा बढ़ाए गए 1500 रुपए की राशि का एरियर का अविलंब भुगतान हो।
- कंद्र व राज्य के हिस्से का एकमुश्त भुगतान किया जाए।
- आशा एवं पर्यवेक्षकों को किए जाने वाले भुगतान की पर्ची दी जाए।